Regarding need to set up a bench of Allahabad High Court in western Uttar Pradesh- Laid

एडवोकेट चन्द्र शेखर **(नगीना) :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता उच्च न्यायालय की अत्यधिक दूरी और न्यायिक असुविधाओं से लंबे समय से जूझ रही है । प्रयागराज की दूरी 600?700 किमी तक होने के कारण न्याय तक पहुंच कठिन हो जाती है । पिछले 45 वर्षों से हाईकोर्ट बेंच की मांग निरंतर उठ रही है तथा मुझे लगातार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों सहारनपुर, मुजफ्फरनगर,शामली, बिजनौर ,मेरठ ,गाजियाबाद ,बुलंदशहर, बागपत, बरेली, रामपुर,मथुरा, हापुड़,अमरोहा, सम्भल,मुरादाबाद,अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, आगरा आदि-आदि जिलों से अधिवक्तागण व जनता के लगातार अनुरोध पत्र प्राप्त हो रहे हैं । अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना हेतु तत्काल प्रभाव से प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाए ।

____